प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रयागराज महाकुंभ में संगम में स्नान करने वाल श्रद्धालुओं का आंकड़ा पहुंचा 45 करोड़ के पार : आज शाम छह बजे तक एक करोड़ 23 लाख लोगों ने लगाई पवित्र डुबकी।
2. महाकुंभ में कल माघ पूर्णिमा के स्नान के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और यातायात के विशेष इंतज़ाम : रेलवे स्टेशनों पर 13 हजार से अधिक रेलकर्मी तैनात।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि : कहा – सबका साथ–सबका विकास के सपने को पूरा कर रही है डबल इंजन सरकार। और
4. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह कल ग्रेटर नोएडा में भारत टेक्स–2025 का करेंगे शुभारंभ : 110 देशों के 6 हजार से अधिक खरीदार होंगे शामिल।

———————

प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान कर लिया है। आज शाम तक करीब एक करोड़ 23 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पावन डुबकी लगाई। भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी आज संगम स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने व्यवस्थाओं की

सराहना करते हुए लोगों से महाकुंभ में आकर पवित्र स्नान करने की अपील की। बाइट......

*जो भी महाकुंभ में आये हैं उनको मैं धन्यवाद करता हूं। अभी भी जो बचे हुए दिन हैं उनमें ज्यादा से ज्यादा लोग आए। एक भ्रांति फैल रही है कि सब जाम हो गया है। बिल्कुल कहीं कोई जगह नहीं है। ऐसा नहीं है। आप आइए महाकुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी है। सब लोग आए और जो बचे हुए दिन है महाकुंभ का स्नान करें।*

कल माघ पूर्णिमा पर भी महाकुंभ में भारी भीड़ उमड़ने का अनुमान है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि कल के स्नान के लिए सरकार पूरी तरह तैयार है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त इंतज़ाम किये गए हैं। बाइट.....

*महाकुंभ की व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहाँ पहुँच चुके हैं और लगातार श्रद्धालुओं का आना जारी है। हमारी सरकार सबसे अच्छी व्यवस्थाएं कर रही है और लगातार उसमें सुधार भी कर रही है।*

माघ पूर्णिमा के स्नान के लिए प्रशासन ने विशेष योजना बनाई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये प्रदेश सरकार ने 43 अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है। इसके साथ ही 125 एंबुलेंस, सात रिवर एंबुलेंस और एक एयर एंबुलेंस भी लगाई गई है। महाकुम्भनगर में 2000 और एसआरएन हॉस्पिटल में 700 मेडिकल फोर्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है। स्नान के लिये बड़ी संख्या में पहुंच रही भीड़ को देखते हुए विशेष यातायात योजना बनाई गई है। इसके तहत आज शाम पांच बजे से

प्रयागराज शहर को नो वोकल जोन घोषित किया गया है। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने बताया कि इस विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की मदद से प्रयागराज पहुंच रहे श्रद्धालुओं को आसानी होगी। बाइट.....

*सभी मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है और शहर के अंदर भी जाम कीस्थिति नहीं है। लोग एएनपीआर कैमराज भी इस्तेमाल कर रहे हैं। एआई इनबिल्ड कैमरास भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हम टोल से भी डेटा कलेक्ट कर रहे हैं कि कितने वाहन विभिन्न मार्गों से आ रहे हैं। आसपास के जो जनपद हैं उनके जो अधिकार हैं उनसे हम निरंतर संवाद में हैं जिससे हमें जानकारी रहती है कि किस डायरेक्शन से कितने वाहन का भी प्रेशर है। उस हिसाब से हम उन मार्गों पर व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हैं और हमारा पूरा प्रयास रहता है कि श्रद्धालुगण सुचारू ट्रैफिक चलता रहे और श्रद्धालुगण एक सुखद अनुभव यहां पर ले सकें।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल महाकुम्भ में होने वाले माघ पूर्णिमा के स्नान की तैय़ारियों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में प्रयागराज और उसके आसपास के ज़िलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और मंडलायुक्तों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या के मद्देनज़र बेहतर ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू करने के निर्देश दिए। इसमें बेहतर पार्किंग व्यवस्था, शटल बसों की संख्या बढ़ाने, रखें, होल्डिंग एरिया बनाकर लोगों को परिस्थितियों के अनुसार मेला क्षेत्र में भेजने, रेलवे से समन्वय बनाकर ट्रेनों का लगातार संचालन सुनिश्चित कराने और परिवहन निगम की अतिरिक्त बसें लगाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के*

*दृष्टिगत एडीएम और एसडीएम स्तर के 28 प्रशासनिक अधिकारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की तैनाती करने को भी कहा है। इसके अलावा प्रयागराज से जुड़ने वाले सभी मार्गों पर पुलिस पेट्रोलिंग करने और क्रेन, एम्बुलेंस की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

—————————

भारतीय रेलवे भारी भीड़ के बावजूद महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को लाने और वापस उनके घर पहुंचाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि संगम क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 13 हजार से अधिक रेलकर्मियों को तैनात किया गया है। बाइट....

*पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए हम लोगों ने करीब बारह सौ सीसीटीवी कैमरें लगाए हैं जो उससे प्राप्त फीड को हम एनालिस करें और यहां पर एक सीनियर ऑफिसर हरदम तैयार रहते हैं। माननीय रेलमंत्री जी, चेयरमैन रेलवे बोर्ड और बाकी अधिकारी भी नियमित तौर पर यहां आते रहते हैं। साथ ही कुछ सीसीटीवी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भी काम कर रहें हैं।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण और विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार पंडित जी के सपन को पूरा कर रही है। इसी सोच को केंद्र में रखकर प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा दिया है। बाइट.....

*पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंतोदय की बात कह कर के एक नई प्रेरणा प्रदान की थी। एक नया विचार दर्शन दिया था। प्रधानमंत्री मोदी जी ने बहुत शब्दों में कहा था सबका साथ और सबका विकास का ये सबका साथ सबका विकास पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी का मंत्र है और आज उस मंत्र का ही कमाल है कि देश के अंदर चार करोड़ गरीबों के मकान बन गए हैं। तीन करोड़ नए लोगों के लिए मकान स्वीकृत कर लिए। अस्सी करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ उनकी विपत्ति के समय उपलब्ध कराया गया।*

मऊ, जौनपुर और गाजीपुर में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किये गये

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत रविदास महाराज की जयन्ती की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि सतगुरु रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धन काशी में स्थित है। उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास जी ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया। उनकी रचनाएं हमारे साहित्य की अनमोल धरोहर हैं।

———————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह कल ग्रेटर नोएडा में भारत टेक्स–2025 का शुभारंभ करेंगे। इस हस्तशिल्प मेले के दूसरे संस्करण का आयोजन 12 से 15 फरवरी इंडिया एक्सपो सेंटर एण्ड मार्ट में किया जाएगा। इस मेगा इवेंट का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम में भी 14 से 17 फरवरी तक किया जाएगा। इस आयोजन में 5000 से अधिक व्यापारियों, 110 से अधिक देशों के 6000 से अधिक खरीदारों, और लगभग एक लाख से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है।

———————

बहराइच में आज एक कार और डंपर की टक्कर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। कार में सवार परिवार लखनऊ जा रहा था जिसे लखनऊ–बहराइच मार्ग पर एक अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन

लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने ज़िला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

——————————

38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अब तक 41 पदक जीत लिए हैं। प्रदेश ने अब तक 12 स्वर्ण,12 रजत और 17 कांस्य सहित कुल 41 पदक अपने नाम किए हैं और पदक तालिका में 11वें स्थान पर चल रहा है।

——————————

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल से चौदह फरवरी तक तेज सतही हवाएं चलने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा।

——————————

(समाप्त)